धर्म

ग्वारीघाट क्षेत्र नो-व्हीकल जोन घोषित, नर्मदा प्राकट्योत्सव पर विशेष यातायात व्यवस्था

नर्मदा घाटों तक नहीं जा सकेंगे भारी वाहन

नवभारत,जबलपुर। नर्मदा प्राकट्योत्सव पर्व के अवसर पर आज माँ नर्मदा के प्रमुख घाटों ग्वारीघाट, भेड़ाघाट एवं तिलवाराघाट में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस जबलपुर द्वारा विशेष ट्रैफिक प्लान लागू किया गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के लिए भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक, मार्गों में डायवर्सन तथा पृथक-पृथक पार्किंग व्यवस्था की गई है। ग्वारीघाट क्षेत्र में मेट्रो बसों एवं भारी वाहनों को केवल रामपुर चौक तक ही अनुमति रहेगी, इसके आगे सभी प्रकार के बड़े और लोडिंग वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। तिलहरी मोड़ से ग्वारीघाट की ओर सभी प्रकार के वाहनों का प्रवेश बंद रहेगा। श्रद्धालुओं के दोपहिया एवं चारपहिया वाहन बिग बाजार, सुखसागर वैली होते हुए अवधपुरी कॉलोनी से आयुर्वेदिक संस्थान स्थित दशहरा मैदान में पार्क किए जाएंगे। रामलला मंदिर से

ग्वारीघाट क्षेत्र सहित आसपास की गलियों को नो-व्हीकल जोन घोषित किया गया है। वापसी मार्ग गीताधाम, भिटौली कुंड, तिलहरी होते हुए पेंटीनाका की ओर रहेगा। वृद्ध एवं दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग से घाट तक नि:शुल्क ई-रिक्शा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

भेड़ाघाट चौराहे से वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

भेड़ाघाट क्षेत्र में चौकीताल बायपास एवं भेड़ाघाट चौराहे से भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। मेट्रो बसें और सवारी ऑटो निर्धारित स्थानों तक ही संचालित होंगी। वाहनों की पार्किंग भेड़ाघाट पुलिस लाइन मैदान, जनपद पंचायत मैदान, हरे कृष्ण आश्रम के सामने तथा भड़पुरा व हेलीपैड मैदान में की जाएगी। भेड़ाघाट पुल पर किसी भी प्रकार की पार्किंग पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगी।

तिलवाराघाट में सगड़ा से रूट डायवर्शन

तिलवाराघाट क्षेत्र में शहर की ओर से आने वाले भारी एवं मध्यम वाहनों को त्रिपुरी चौक से सगड़ा बायपास की ओर डायवर्ट किया जाएगा, वहीं सिवनी की ओर से आने वाले वाहनों को तिलवारा पुल से शहर में प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। तिलवारा नया पुल के नीचे एवं नव-निर्मित तिलवारा थाना के सामने स्थित मैदान में पार्किंग की व्यवस्था की गई है।

सभी घाटों पर नौकायान रहेगा पूर्णत : प्रतिबंधित

नर्मदा जयंती पर्व के अवसर पर आज 25 एवं 26 जनवरी को श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नर्मदा नदी के ग्वारीघाट, जिलहरीघाट, तिलवाराघाट, लम्हेटाघाट, भेड़ाघाट एवं सरस्वती घाट पर नौका संचालन पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि नर्मदा तटवर्ती गांवों के नागरिकों के नियमित परिवहन हेतु संचालित नौकाओं को इस प्रतिबंध से छूट दी गई है, जबकि अन्य सभी प्रकार का नौका परिवहन इन तिथियों में बंद रहेगा।

अधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारियां

प्राकट्योत्सव के अवसर पर 25 एवं 26 जनवरी को माँ नर्मदा के घाटों पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यापक व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार को मेला स्थल एवं घाटों पर साफ-सफाई, पेयजल, कंट्रोल रूम, सीसीटीवी और पार्किंग व्यवस्थाओं का प्रभारी बनाया गया है। पुलिस अधीक्षक शहर जितेन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक यातायात अंजना तिवारी को यातायात और कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के डॉ. संजय मिश्रा को एम्बुलेंस और चिकित्सकों की तैनाती, लोक निर्माण विभाग के शिवेन्द्र सिंह को बैरिकेडिंग और वॉच टावर निर्माण, विद्युत वितरण कंपनी के संजय अरोरा को विद्युत आपूर्ति, होमगार्ड कमांडेंट नीरज सिंह को घाटों पर टॉर्च, रस्सी, मोटरबोट आदि की व्यवस्था और तहसीलदार भरत कुमार सोनी को कंट्रोल रूम की व्यवस्था सौंपी गई है। साथ ही, मेला स्थल के प्रमुख घाटों में शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं।

पिस्टल अड़ाकर अधिवक्ता से मांगी रंगदारी

जबलपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में बदमाश ने अधिवक्ता पर पिस्टल अड़ाकर रंगदारी मांगी। डिमांड पूरी न होने धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सिद्धार्थ जैन 37 वर्ष निवासी कोतवाली थाना के पीछे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह अधिवक्ता है। कोतवाली थाने के सामने हर्ष सोनी आकर बोला कि साईड में चलो अंकित मराठा बुला रहा है तो हर्ष के साथ शिवकुटी के पास गया वहां पहले से अंमित मराठा एवं भोला ठाकुर खड़े थे अंकित मराठा उससे बोला कि बहुत पैसे कमाता है कहकर पिस्टल निकालकर उसके कमर के पास अड़ा दी और सोने की अंगूठी मांगने लगा, उसने अंगूठी देने से मना किया तो तीनों उससे 5 हजार रूपये मांगने लगे, पैसे देने से मना किया तो उसके साथ धक्का मुक्की किये वह अपनी जान बचाकर भागने लगा तो तीनों जान से मारने की धमकी दिये।

कौन बनेगा जोन का अगला महाप्रबंधक?

▸ बोर्ड में जारी है मंथन

जबलपुर, नवभारत। पमरे मुख्यालय जबलपुर में इन दिनों शीर्ष प्रशासनिक गलियारों में भारी हलचल देखी जा रही है। इसका मुख्य कारण वर्तमान महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय की फ़रवरी में सेवानिवृत्ति को माना जा रहा है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुसार, नए जीएम की नियुक्ति को लेकर रेलवे बोर्ड और मंत्रालय स्तर पर मंथन काफी तेज हो गया है। इस महत्वपूर्ण पद को पाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा देखी जा रही है, और हर कोई अपनी दावेदारी मजबूत करने में जुटा है। पमरे जैसे महत्वपूर्ण जोन की कमान संभालने के लिए कई अनुभवी अधिकारियों के नामों की चर्चा जोरों पर है। बताया जा रहा है कि दिल्ली स्थित रेलवे बोर्ड में फाइलों की आवाजाही बढ़ गई है और विभिन्न जोन में तैनात वरिष्ठ अधिकारी इस पद के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा रहे हैं। प्रशासनिक हलकों में यह चर्चा भी आम है कि वरिष्ठ अधिकारी अपने पसंदीदा उम्मीदवारों को इस कुर्सी पर बैठाने के लिए हर स्तर पर पैरवी और संपर्क साधने की कोशिश कर रहे हैं।

विकास की रफ्तार बनाए रखना होगी बड़ी चुनौती

नए महाप्रबंधक का चयन केवल एक प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि रणनीतिक रूप से भी अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। पश्चिम मध्य रेलवे में आने वाला समय विकास के नजरिए से काफी महत्वपूर्ण है। नए जीएम के कार्यभार संभालते ही उनके सामने कई बड़ी परियोजनाएं और चुनौतियां कतार में खड़ी होंगी। चूंकि जबलपुर मुख्यालय पूरे जोन का केंद्र है, इसलिए यहाँ की कार्यप्रणाली और समन्वय को बेहतर बनाना नए नेतृत्व की प्राथमिकता होगी। अब देखना यह है कि रेलवे बोर्ड अनुभव और योग्यता के आधार पर किसके नाम पर अंतिम मुहर लगाता है।

मुद्दे जो होने चाहिए पूरे

सबसे पहले स्टेशन पुनर्विकास जिनमे कई प्रमुख स्टेशनों को विश्वस्तरीय बनाने की योजना को समय पर पूरा करना यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए नई ट्रेनों का संचालन शुरू करना। रेलवे के राजस्व को बढ़ाने के लिए माल ढुलाई के क्षेत्र में बढ़ोतरी करना और वर्षों से अधूरी पड़ी रेल लाइनों और बुनियादी ढांचे के कार्यों को गति देना होगा।

दोपहर में धार से रवानगी, आज सुबह आमद होगी दर्ज

भोजशाला में जबलपुर से दो एएसपी, 120 का फोर्स हुआ था तैनात

जबलपुर। भोजशाला में शुक्रवार को वसंत पंचमी के अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार पूजा और नमाज हुई। धार ड्यूटी पर जबलपुर से दो एएसपी, 120 का फोर्स गया था। शनिवार दोपहर बल की रवानगी हो गई है। आज सुबह बल शहर पहुंचेगा। जिसके बाद फोर्स पुलिस लाइन में आमद दर्ज कराने पहुंचेगा।

विदित हो कि धार की ऐतिहासिक भोजशाला को लेकर

वर्षों से चले आ रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लिए पूजन-नमाज के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। 23 जनवरी को बसंत पंचमी और जुमे की नमाज एक ही दिन हुई। हिंदू समाज ने सूर्योदय से सूर्यास्त तक मां वाग्देवी की अखंड पूजा की जबकि भोजशाला के संरक्षित परिसर के उत्तरी भाग में मुस्लिम समुदाय के 17 सदस्यों ने वॉलंटियर जैकेट पहनकर जुमे की नमाज अदा की। कानून व्यवस्था बनाने रखने के लिए आठ हजार से अधिक का बल तैनात था। जबलपुर से भी दो एएसपी समेत 120 का बल धार में ड्यूटी करने पहुंचा था।

ये गए थे धार ड्यूटी पर

भोजशलाा में डयूटी के लिए 2 एएसपी, 4 निरीक्षक, 8 उप निरीक्षक, 88 प्रधान आरक्षक, 2 सहायक उप निरीक्षक, 8 प्रधान आरक्षक, 2 सहायक उप निरीक्षक, 8 प्रधान आरक्षक गए हुए थे ।

तीन किशोरियां रहस्यमय ढंग से गायब

जबलपुर। शहर से तीन किशोरियां रहस्यमय ढंग से गायब हो गई है। एक पड़ोसी तो दूसरी गार्डन की फोटो खींचने का कहते हुए घर से निकली तो तीसरी छत पर धूप लेने का कहते हुए गई और लापता हो गई। पहले तो परिजनों ने अपने स्तर पर उनकी खोजबीन की, रिश्तेदारों, करीबियों के यहां पतासाजी की लेकिन जब कहीं कोई सुराग नहीं लगा तो उन्होंने थाने पहुंचकर अज्ञात पर अपहरण की आशंका जाहिर करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। तीनों किशोरियों के गायब होने के मामले में संजीवनी नगर, घमापुर, सिविल लाइन थाने में अज्ञात आरोपित पर प्रकरण दर्ज किया गया है। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि अंधुआ धनवंतरी नगर निवासी 32 वर्षीय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी तीन बेटियां है। बीती रात 11:30 बजे उसकी 14 वर्षीय बेटी पड़ोस में जाने का कहते हुए घर से निकली थी। रात्रि 12 बजे तक वापिस नहीं आई तो वे पड़ोसी के यहां गई तो पता चला कि बेटी यहां नहीं आई। इसी प्रकार घमापुर थाने में द्वारका नगर निवासी महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी दो बेटियां है ।सुबह 11.30 बजे पति डयूटी पर थे। बेटियां घर में थी। छोटी बेटी 16 वर्ष की छत पर धूप तापने चली गई थी। थोड़ी देर बाद में वे छत पर गई तो बेटी नहीं थी। इसी प्रकार सिविल लाइन थाने में 38 वर्षीय युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात 8 बजे 16 वर्षीय बेटी घर से कॉलोनी के गार्डन की फोटो खींचने का बोलकर गई थी जो वापिस नहीं लौटी। पुलिस तीनों ही मामलों में प्रकरण दर्ज कर किशोरियों की पतासाजी कर रही है।

गंदगी मिलने पर तीन रेस्टोरेंट पर कार्रवाई

▸ जुर्माना लगा मजिस्ट्रेट बोले: स्वच्छता से समझौता नहीं

जबलपुर। शहर में स्वच्छता और खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। संभाग क्रमांक 13 में आयोजित चलित कोर्ट की कार्यवाही के दौरान गंदगी पाए जाने पर तीन प्रसिद्ध रेस्टोरेंट्स के खिलाफ चालानी कार्यवाही की गई। मजिस्ट्रेट गोयल ने सभी व्यापारियों को स्पष्ट किया कि रेस्टोरेंट्स और खाद्य संस्थानों में साफ-सफाई के मानकों का पालन करना अनिवार्य है। जनस्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाले संस्थानों के

खिलाफ आने वाले दिनों में भी इसी तरह की आकस्मिक जांच और चालानी कार्यवाही जारी रहेगी। स्वच्छता से समझौता नहीं होगा। मजिस्ट्रेट अरुण गोयल, विधि अधिकारी राजीव अनभोरे, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक संदीप पटैल ने जानकारी देते हुए बताया कि मजिस्ट्रेट गोयल के द्वारा निरीक्षण के दौरान दरबार रेस्टोरेंट, दाल चीनी रेस्टोरेंट और इंदौर स्वीट्स के किचन और परिसर में गंदगी पाए जाने पर 8 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। कार्रवाई के दौरान नगर निगम के विधि अधिकारी राजीव अनभोरे, सी.एस.आई. संदीप पटेल, सौरभ, पुलिस प्रशासन एस.आई. अभिषेक एवं उनकी टीम, फूड विभाग से खाद्य सुरक्षा अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

गढ़ा बाजार में मोबाइल टावर लगाने का विरोध

स्थानीय नागरिकों ने कलेक्टर और निगमायुक्त को सौंपा ज्ञापन

नवभारत,जबलपुर। गढ़ा थानांतर्गत गढ़ा बाजार स्थित जनता होटल के पीछे रहने वाले स्थानीय नागरिकों ने मोबाइल टावर लगाने का विरोध किया है। शिकायत में कहा गया है कि मंजुलता पति पुष्प कुमार जैन अपने मकान की छत पर मोबाइल टावर लगवाने जा रहे हैं, जिससे निकलने वाली किरणों का घनी बस्ती के आमजनों और पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ सकता है। स्थानीय नागरिक भागचंद नामदेव, राजेश नामदेव, मीना शर्मा, मोहनलाल कोष्टा, राकेश जैन, बादल ठाकुर, शिशिर रिमझे, आंचल नामदेव, श्रेय नामदेव और मोहम्मद सिराज ने कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह और आयुक्त नगर निगम रामप्रकाश अहिरवार को लिखित शिकायत देकर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

स्वच्छता को लेकर एक्शन मोड में निगमायुक्त, गलियों में देखी व्यवस्थाएं

जबलपुर। शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुँचाने और आम नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नगर निगम प्रशासन अब पूरी तरह से एक्शन मोड में नजर आ रहा है। इसी कड़ी में, निगमायुक्त आर.पी. अहिरवार ने स्वयं अमखेरा और नई बस्ती गोहलपुर जैसे क्षेत्रों में पैदल भ्रमण कर सफाई व्यवस्था का सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने केवल मुख्य मार्गों का ही नहीं, बल्कि

बस्तियों के भीतर की गलियों का भी बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने अमले को निर्देशित किया कि सफाई व्यवस्था में और अधिक सुधार लाएँ। निगमायुक्त अहिरवार ने मौके पर मौजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों और सफाई अमले को कड़े निर्देश दिए कि स्वच्छता के निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप ही कार्य जमीनी धरातल पर होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सफाई कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अरविन्द शाह, देवेन्द्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी अर्जुन यादव, सी.एस.आई. मोनिका तुकराम आदि उपस्थित रहे।

पत्नी से छेड़छाड़ के आरोपी ने पति को धमकाया

जबलपुर। गोहलपुर थाना क्षेत्र में पत्नी से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी ने पीड़िता के पति को धमकाया। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ एक और एफआईआर दर्ज कर ली है । पुलिस के मुताबिक नगर निगम में पदस्थ कर्मचारी ने गोहलपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि वे त्रिमूर्ति नगर में रहता है। 6 साल पूर्व उसकी शादी थी। पत्नी शादी के पूर्व जब कॉलेज में पढती थी तब एक विवेश नाम के लडके ने रास्ते में रोककर अश्लील हरकत कर जान से मारने की धमकी दिया था जिसकी रिपोर्ट पत्नी ने छतरपुर के लवकुश नगर थाने में दर्ज कराई थी। बीती रात इसी बात को लेकर विवेश कुमार सिंह में मिला और विवाद करने लगा। कहने लगा कि तुम्हारी पत्नि ने मेरी रिपोर्ट लिखाई थी जान से मार दूंगा। धमकाते हुए भाग गया।

14 .88 लाख के पाइप ट्रकों में लोड कर ले जाने वाले औबेदुल्लागंज से गिरफ्तार

जबलपुर। जल आपूर्ति योजना के तहत चल रहे काम के तहत बने यार्ड से 14 लाख 88 हजार रूपए के डीआई पाईप 83 चोर चुराकर ट्रकों में लोड कर ले जाने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने औबेदुल्लागंज से गिरफ्तार कर लिया है। विदित हो कि पाटन थाने में अनूप बाबू मिश्रा ने शिकायत कराई थी कि वह एफकन्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में प्रबंधक पीएडए के पद पर कार्यरत है। कंपनी द्वारा एमपी जल निगम मर्यादित, (जल निगम) के लिए जल आपूर्ति योजना के तहत जबलपुर मल्टी विलेज योजना के अंतर्गत शहपुरा, सिहोरा, पाटन, पनागर और मझौली तहसील में

जल आपूर्ति पाइप बिछाने एवं अन्य सिविल कार्य किए जा रहे हैं। कंपनी के उडना स्टोर यार्ड में रखे कुल 83 पाइप कुल कीमती करीबन 14,88,509 रुपए के चोर चुराकर ट्रकों में लोड कर ले गए है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा एवं एसडीओपी पाटन लोकेश डाबर के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पाटन गोपिन्द्र सिंह राजपूत के नेतृत्व में टीम गठित की गई। सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। जबलपुर से बाहर जाने वाले टोल नाकों से जानकारी जुटाई तो पता चला चोरी की घटना में प्रयुक्त हुए ट्रक जिनमें पाइप लोड हैं, जबलपुर भोपाल हाइवे होते हुए भोपाल तरफ जा रहे हैं, एक टीम भोपाल की ओर रवाना की गयी, उक्त टीम द्वारा ट्रकों की पहचान कर औबेदुल्लागंज के पास दबिश देते हुये 3 ट्रक जिनमें चोरी के पाइप लोड थे को पकडा गया, ट्रक चालक संजय भाई कोली पिता प्रभु भाई कोली 27 वर्ष, रविराज मकवाना पिता कमलेश भाई मकवाना 20 वर्ष, रामजी भीमानी पिता दाना बाई भिमानी 20 वर्ष सभी निवासी गुजरात को गिरफ्तार किया गया। आरोपियो के कब्जे से ट्रक क्रमांक जीजे 07 टीयू 0671, एवं जीजे 39 टी 5802, जीजे 12 बीजेड 4534 को मय चोरी के 65 पाईप सहित कीमती 50 लाख रूपये के जप्त किए गए। घटना में संलिप्त अन्य आरोपियों, घटना में प्रयुक्त अन्य 2 ट्रकों की तलाश जारी है।

हाईवा की टक्कर से पांच घायल

जबलपुर। बरेला में हाईवा की टक्कर से पांच लोग घायल हो गए जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस के मुताबिक सोनू चौधरी 25 वर्ष निवासी कटंगी भेड़ाघाट ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह एवं उसके दोस्त शारदा मंदिर गये थे, मंदिर में लगभग 3 घंटे रूकने के बाद नीचे उतरकर घर जाने के लिये साधन की तलाश कर रहे थे साधन नहीं मिलने के कारण सभी पैदल हाइवे रोड से जबलपुर की ओर आ रहे थे हाईवा क्रमांक एमपी 20 जेड डब्ल्यु 5244 के चालक ने वाहन को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये श्याम लाल धुर्वे, पुष्पेन्द्र कुमार, अभ कुमार, राजेन्द्र चक्रवर्ती एवं प्रशांत कुमार चंद्रोल को पीछे से टक्कर मार दिया जिससे पांचों को हाथ पैर एवं शरीर में चोटें आई।

बादलों का डेरा, सूरज की चमक पड़ी फीकी, सर्द हवाएं चली

जबलपुर। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम का मिजाज बदल गया है। शनिवार को सुबह से शहर में बादलों की आवाजाही बनी रही। दिन में ठंड का असर कुछ कम रहा लेकिन शाम ढलते ही सर्द हवाओं से ठिठुरन बनी रही। शनिवार को अधिकतम तापमान 27.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 15.3 डिग्री पर पहुंच गया जो सामान्य से 5 डि ग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 67 और शाम को 53 प्रतिशत दर्ज की गई।दक्षिण पश्चिम हवाएं 6 से 7 किमी की रफ्तार से चली। मौसम विभाग की माने तो पश्चिमी विक्षोभ, एक चक्रवातीय परिसंचरण के रूप में जम्मू एवं संलग्न पाकिस्तान क्षेत्र पर माध्य समुद्र तल से 3.1 से 7.6 किमी की ऊंचाई के मध्य अवस्थित है। एक प्रेरित चक्रवातीय परिसंचरण, उत्तर पंजाब एवं निकटवर्ती क्षेत्रों पर माध्य समुद्र तल से 1.5 किमी की ऊंचाई पर सक्रिय है। पूर्वोत्तर भारत के ऊपर, माध्य समुद्र तल से 12.6 किमी की ऊंचाई पर लगभग 240 किमी प्रति घंटे की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएं बह रही है। एक नए पश्चिमी विक्षोभ के उत्तर-पश्चिम भारत को 26 जनवरी से प्रभावित करने की संभावना है।

अंग्रेजों के समय रखे नाम अब बदले जाएंगे

जबलपुर, नवभारत। छावनी परिषद जबलपुर क्षेत्र की 3 सड़कों के नाम बदलने जा रहा है, अभी तक ये नाम अंग्रेजों के नाम पर थे, लेकिन अब नया नाम भारतीय सेना के जाबांजों के नाम पर करने का निर्णय लिया है। छावनी परिषद ने इस संबध में छावनी क्षेत्र में रहने वाले नागरिकों, संस्थाओं को सूचित करते हुए कहा है कि यदि उन्हें नये नामों से कोई आपत्ति है तो वे 30 दिनों के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में छावनी परिषद कार्यालय में दर्ज कराएं उक्त अवधि के बाद आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा और नये नाम प्रभावशील हो जायेगा छावनी परिषद ने जिन तीन मार्गों के नाम बदलने का प्रस्ताव दिया है।

बेलबाग-घमापुर में चाकूबाजी रेल्वे कर्मी, छात्र समेत तीन घायल

जबलपुर। बेलबाग व घमापुर में हुई चाकूबाजी में रेल्वे कर्मी व छात्र समेत तीन घायल हो गए। जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। बेलबाग पुलिस ने बताया कि अनिकेत सोनकर 25 वर्ष निवासी छोटी ओमती भर्तीपुर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह कॉलेज में प्रथम वर्ष की पढ़ाई कर रहा है। रात लगभग 8-15 बजे वह एंव उसका भाई रितिक सोनकर के साथ कांचघर हाउसिंग बोर्ड अपनी नानी के घर जा रहे थे जैसे ही ललित कालोनी वन स्टाप सेंटर के पास पहुँचे उसके परिचित का रोहित गुप्ता और अजीत जांगड़े मिले जो उससे शराब पीने के लिये 1 हजार रूपये की मांग करने लगे, उसने रूपये देने से मना किया तो रोहित गुप्ता ने चाईना चाकू से हमलाकर उसके कमर में पीठ में चोट पहुँचा दी उसका भाई रितिक बीच बचाव करने लगा तो अजीत जांगड़े ने चाकू से हमलाकर कमर में दोनों तरफ चोट पहुँचा दी। इसी तरह घमापुर थाने में अंकित राजपूत 26 वर्ष निवासी कांचघर हाउसिंग बोर्ड सिविल लाईन ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रेल्वे स्टेशन में प्राईवेट जॉब करता है?। स्टेशन में उसकी दोस्त ने उसे फोन कर वायपास मिलने के लिये बुलाया उसने वहां जाने से मना किया तो परेल लाईन चुंगी के पास मिलने के बुलाई, वह पैदल परेल ग्राउण्ड तरफ जाने लगे तभी मजार के पास 2 अज्ञात लड़के उसे रोके एक लड़का चाकू दिखाकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगा, उसने रूपये देने से मना किया तो एक लड़के ने उस पर चाकू से हमला कर चोट पहुंचा दी।

हुनर

बंदियों का हुनर: कबाड़ के जुगाड़ से कमाल

जेल में बना मिनी जुरासिक पार्क, झरना, ताल

जबलपुर। हुनर कहीं भी पनप सकता है, बस उसे सही दिशा और अवसर मिलने की जरूरत होती है। ऐसा कुछ केंद्रीय जेल जबलपुर में देखने को मिला। बंदियों ने कबाड़ से जुगाड कर कमाल दिखाया। बंदियों के हुनर ने जेल में मिनी जुरासिक पार्क, झरना, ताल बन गया। कैदियों ने अपनी रचनात्मकता से सबको हैरान कर दिया।दरअसल जेल प्रशासन की पहल के तहत कैदियों ने जेल परिसर में पड़े बेकार लोहे, पुराने टायरों, लोहे की कतरनों और कबाड़ का उपयोग किया। कैदियों ने मिलकर कबाड़ से विशालकाय डायनासोर, झरने और सुंदर तालाब (ताल) बनाए हैं। इसे अब मिनी जुरासिक पार्क का नाम दिया गया है। इस प्रोजेक्ट का मुख्य उद्देश्य बंदियों की नकारात्मक सोच को सकारात्मकता में बदलना और उन्हें हुनरमंद बनाना है ताकि रिहाई के बाद वे समाज में सम्मान से रह सकें।

क्यों है यह खास

उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश ने बताया कि कैदियों ने जेल परिसर में पड़े बेकार लोहे, पुराने टायरों, लोहे की कतरनों और कबाड़ का उपयोग कर कबाड़ से विशालकाय डायनासोर, झरने और सुंदर तालाब (ताल) बनाए हैं। जेल की दीवारों के पीछे इस तरह की कलाकृतियां बनाना कैदियों के तनाव को कम करने और उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने का एक जरिया है। कबाड़ का पुनर्चक्रण कर उसे कला में बदलना पर्यावरण के लिहाज से भी एक बेहतरीन कदम है। यह पार्क इतना सुंदर बना है कि यह चर्चा का विषय बन गया है और जेल के अंदर एक सकारात्मक वातावरण तैयार कर रहा है।

पूर्व सरपंच, पुत्रों को रोक किया हमला, कार में तोड़फोड़

जबलपुर। पनागर थाना अंतर्गत खेरमाई मंदिर के पास बदमाशों ने पूर्व सरपंच, पुत्रों को रोक कर हमला दिया। कार में तोड़फोड़ कर धमकाते हुए भाग गए। पुलिस ने बताया कि कैलाश तिवारी 47 वर्ष निवासी ग्राम उमरिया लीटी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम लीटी का पूर्व सरपंच है बीती रात लगभग 9-45 बजे अपने दोनों बेटे आदर्श तिवारी, आदित्य तिवारी एवं पत्नी वंदना तिवारी, बेटी अपेक्षा तिवारी के साथ नर्मदा जी की प्रतिमा के दर्शन करने गांव में खेरमाई मंदिर के पास गये थे वहां पर गांव के रक्कू उर्फ राकेश केवट, भोला केवट, मनीष केवट, मोहित केवट मिले चारों झूमाझपटी करने लगे उसके बेटे बीच बचाव करने लगे तो राकेश केवट एवं मोहित केवट ने उसके दोनों बेटों के साथ मारपीट की जिससे आदित्य के दाहिने हाथ एवं आदर्श के गले, ओंठ में चोट आयी, डंडे से उसकी कार क्रमांक एमपी 20 जेड आर 6480 में तोड़ फोड़ की।

रांझी में व्यापार करना है तो हफ्ता देना पड़ेंगा

रांझी में व्यापार करना है तो हफ्ता देना पड़ेगा। यह धमकी बदमाश ने ज्वेलर्स कारोबारी को दी। पुलिस के मुताबिक विशाल सराफ 44 वर्ष निवासी मस्ताना चौक ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रांझी बाजार में उसकी ओम ज्वेलर्स के नाम से दुकान है। शनिवार दोपहर लगभग 1-30 बजे आकाश चौधरी उर्फबग्गा ने रोककर चांटा मार कर बोला कि रांझी में व्यापार करना है तो हर हफ्ते एक हजार रूपये देने पड़ेंगे ।